के लिए आयोजना आयोग द्वारा योजनाएं अनुमोदित किये जाने तथा उनके लिए राशि नियत किये जाने के पश्चात ही विचार किया जा सकेगा ।

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय

2053. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री बड़े :
श्री यु० द० सिंह :
श्री रामसेवक यादव :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय का कार्यालय एक स्थान पर नहीं है अपितु तीन स्थानों पर है; और

(ख) यदि हां, तो क्या कार्य-कुशलता, समन्वय तथा कार्य का शीघ्र निबटाया जाना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन कार्यालयों को एक ही भवन में स्थित करने का विचार है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) और (ख). जी हां ।

मंत्रियों के निजी सचिव

2054. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री यु० द० सिंह :
श्री बड़े :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मंत्रियों तथा उपमंत्रियों को इस बात की छूट होती है कि वे अपने निजी सचिवों का चुनाव अपनी इच्छा से स्वयं करें ;

(ख) क्या मंत्रियों का कार्यकाल समाप्त होने पर या मंत्रियों द्वारा अपना पद छोड़ दिये जाने पर उनके निजी सचिव अपनी पहली जगहों पर भेज दिये जाते हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि मंत्री तथा उपमंत्री अपने कार्यकाल में अपने निजी सचिवों के पदों को ऊंचा कर सकते हैं; और

(घ) यदि हां, तो किन परिस्थितियों में ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी , हां ।

(ख) मंत्रियों के पद छोड़ने पर उनके निजी सचिव, यदि वे किसी सेवा से सम्बन्ध रखते हों, तो उन्हें अपने मूल संवर्गों को वापस भेज दिया जाता है ।

(ग) मंत्रियों / उपमंत्रियों के वैयक्तिक कर्मचारियों के आधारभूत वेतनक्रम सरकार द्वारा निर्धारित कर दिये गये हैं । आवश्यकता पड़ने पर, निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, निजी सचिव के पद को ऊंचा भी किया जा सकता है ।

(घ) इन पदों के उत्तरदायित्व बढ़ जाने पर इन्हें ऊंचा किया जाता है ।

वीर सावरकर की चिकित्सा

2055. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वीर सावरकर निर्धनता के कारण अपनी उचित चिकित्सा कराने में असमर्थ हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि अंग्रेजी के शासनकाल में जब्त की गई उनकी सम्पत्ति उन्हें अभी तक वापिस नहीं दी गई है; और